### एक नजर में

## नरबाई जलाने वालों पर होगी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। किसानों द्वारा नरबाई जलाने की शिकायत आने पर कलेक्टर ने सख्त कार्यवाही की बात कही है। उन्होंने कहा है कि नरबाई जलाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी, इसलिए नरबाई जलाने से दूर रहें।**

श्री श्रोत्रिय ने बताया कि जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा अंतर्गत खेतों में गेहूं एवं अन्य फसलों के डंठलों (नरवाई/पराली) में आग लगाई जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को व्यक्ति/व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत धारा व अन्य विधिक प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

जिले में बढ़ती गर्मी और आगजनी की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा किसानों एवं आमजन से नरवाई (फसल अवशेष) न जलाने की अपील की गई है। नरवाई जलाने से आग फैलने का खतरा बना रहता है, जिससे आसपास के खेत, फसल, वन क्षेत्र एवं आबादी प्रभावित हो सकती है। इसलिए अब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सख्त निर्देश जारी कर दिए है। उन्होंने साफ कहा है कि नरबाई जलाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नरबाई जलाने वाले सावधान हो जाएं अगर ऐसी कोई जानकारी सामने आई तो कार्यवाही होना तय है।

# अधिकारों को सुरक्षित करने विधिक सहायता का लें लाभ : न्यायाधीश

**उत्सव भवन में हुआ विधिक सहायता शिविर आयोजित**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सहित कई रहे मौजूद**






**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार स्थानीय उत्सव भवन में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के समन्वय से बृहद विधिक, शिविर का आयोजन गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश एससी,एसटी एक्ट अशरफ अली एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। उसके उपरांत कलापथिक दल द्वारा सरस्वती वंदना एवं दिव्यांग बालिका द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।**

इस अवसर पर श्रीमती प्रवीणा व्यास प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ़ द्वारा शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के विधिक अधिकारों के उल्लंघन होने की दशा में वह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ में संपर्क कर अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए विधिक सहायता योजना का लाभ ले सकता है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा मप्र शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी टीकमगढ़ अनुज कुमार चंसौरिया द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर में उपस्थित आमजन को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के द्वारा चलाई जा रही विधिक योजनाओं जैसे- विधिक सहायता, मध्यस्थता, लोक अदालत, मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम स्थल में ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 10 बच्चों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश एससी,एसटी एक्ट अशरफ अली, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुनीता गोयल एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये।

### योजनाओं के बारे में दी जानकारी

बृहद विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर के अंतर्गत जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक एवं कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन स्टॉप सेंटर आदि के द्वारा स्टॉल लगाये गये जिनके द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभांवित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती सुनीता गोयल के द्वारा किया गया।

### शिविर में इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश अशरफ अली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार ध्रुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ विक्रम सिंह कुशवाह, अनुविभागीय अधिकारी टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विभाग टीकमगढ़ उदल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया, सहायक संचालक सामाजिक न्याय विभाग सौरभ तिवारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण, हितग्राही, सामान्यजन एवं अधिक संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहें।

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर रखे विचार




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। गायत्री शक्तिपीठ पर 28 एवं 29 मार्च को संपन्न होने वाले सागर संभागीय उप जोन कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आरंभ शांतिकुंज हरिद्वार एवं भोपाल गायत्री शक्तिपीठ से आए प्रशिक्षक दल द्वारा दीप प्रज्वलन और देव पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर मध्य जोन भोपाल के प्रभारी राजेश पटेल ने कहा कि युग निर्माण योजना योजना के लक्ष्य मनुष्य में देवत्व के उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए हमें लोक सृजेताओं के रूप में सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है।**

उन्होंने युवा जोड़ो अभियान, पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान विषय पर भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रभाकांत तिवारी ने शिक्षकों को युग निर्माण योजना से जोड़ने और प्रज्ञा संस्थाओं को जीवंत बनाने का आवाहन किया। जगदीश चंद्र कुलमी ने ट्रस्ट से संबंधित दायित्वों और कानूनी प्रावधानों के बारे में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। आर पी गायकवाड में गायत्री परिवार के कार्यक्रमों की रूपरेखा और उनकी उत्कृष्टता पर अपने विचार व्यक्त किए। सागर दमोह पन्ना छतरपुर टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिलों के तहसील और विकासखंड स्तर की कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कृष्ण शर्मा ने शिक्षा एवं बाल संस्कार की उपादेयता प्रतिपादित करते हुए बच्चों में संस्कार स्थापना की आवश्यकता निरूपित की। रमेश अभिलाषी ने स्वास्थ्य संरक्षण, व्यसन मुक्ति और कुरीति उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक सौ से अधिक महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# बुकिंग कराने के बाद भी नहीं हो रही गैस सिलेंडर की डिलीवरी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में इन दिनों एलपीजी गैस संकट ने आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यापारियों की भी परेशानी बढ़ा दी है। घरेलू और कॉमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडरों को समय पर आपूर्ति नहीं होने से शहर की दोनों गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। स्थिति यह है कि उपभोक्ता सुबह से एजेंसी पहुंचकर इंतजार कर रहे हैं।**

लेकिन कई लोगों को शाम तक भी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। गैस एजेंसियों के पास बुकिंग का दबाव अधिक है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित गैस कंपनियों से मांग की है कि जल्द से जल्द आपूर्ति व्यवस्था सुधारी जाए। गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ और अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। बुकिंग कराने के बाद भी रसोई गैस सिलेंडर को डिलीवरी तय समय पर नहीं हो रही। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि ऑनलाइन और फोन से बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर कई दिनों तक नहीं पहुंच रहा। मजबूरी में लोगों को गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। नियम तो बनाए पर पालन नहीं कॉमर्शियल सिलेंडरों को लेकर केंद्र सरकार की ओर से नई गाइड लाइन तो जारी कर दी गई है। लेकिन जमीनी स्तर पर उसका पालन अभी तक शुरू नहीं हो सका है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, चाय-नाश्ते की दुकानों और छोटे व्यवसायियों का कहना है कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है। कई कारोबारियों को मजबूरी में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

## कन्ट्रोल रूम स्थापित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार घरेलू एलपीजी आपूर्ति की सुनिश्चितता करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने हेतु जिले में जिला मुख्यालय पर कार्य का सुचारू रूप से संचालन हेतु कार्यालय कलेक्टर नियंत्रण कक्ष में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक है।**

कन्ट्रोल रूम प्रातः 10.30 बजे से सांयकाल 5.30 बजे तक चालू रहेगा। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों को निराकरण होगा।

# पुलिस द्वारा बैंकों एवं एटीएमों में चेकिंग अभियान चलाया



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत स्थित बैंकों एवं एटीएम में आकस्मिक निरीक्षण एवं सुरक्षा चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य बैंक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करना तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यह कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी टीकमगढ़, जतारा के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत जिलेभर में बैंकों एवं एटीएम की नियमित रूप से चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में थाना बुढेरा पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में स्थित बैंकों का सुरक्षा निरीक्षण किया गया। इस दौरान बैंक स्टाफ से संवाद कर आवश्यक सुरक्षा दिशा-निर्देश दिए गए तथा बैंक में उपस्थित नागरिकों को भी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। आमजन से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

## गांवों की नालियों को सुन्दर बनाएंगे अंडरग्राउंड चैंबर

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित किया जा रहा चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस बात का उदाहरण है कि पंचायतें चाहें तो नवाचार कर सकती हैं, गावों में सुन्दर बदलाव ला सकती हैं।**

मध्यप्रदेश का जिला ग्रामीण स्वच्छता एवं ग्रे वॉटर प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यहाँ ग्राम पंचायतों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। अक्सर ग्राम पंचायतों का कार्य केवल भवन निर्माण तक सीमित समझा जाता है। ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित किया जा रहा चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस बात का उदाहरण है कि पंचायतें चाहें तो नवाचार कर सकती हैं।

# जवारे विसर्जन के दौरान मधुमक्खियों का हमला



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पलेरा थाना क्षेत्र के सैपुरा गांव में जवारे विसर्जन के दौरान मधुमक्खियों के हमले का मामला सामने आया है। इस घटना में 10 बच्चों सहित लगभग 30 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पलेरा के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुछ लोगों को स्वस्थ होने पर छुट्टी भी दे दी गई है।**


यह घटना शुक्रवार रात की है जब गांव के करीब 100 लोग देवी मंदिर से जवारे लेकर भावरी माता मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज हवा चलने लगी, जिससे सड़क किनारे महुआ के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते में हलचल हो गई। छत्ते में हलचल होते ही मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत पलेरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

मौके पर मौजूद मनकु यादव ने बताया कि ग्रामीण जवारे विसर्जन के लिए भावरी माता मंदिर जा रहे थे, तभी तेज हवा के झोंके से पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते में हलचल हुई और उन्होंने लोगों पर हमला कर दिया। पलेरा थाना क्षेत्र के सैपुरा गांव में जवारे विसर्जन के दौरान मधुमक्खियों के हमले का मामला सामने आया है। इस घटना में 10 बच्चों सहित लगभग 30 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पलेरा के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुछ लोगों को स्वस्थ होने पर छुट्टी भी दे दी गई है।

# ग्राम टोरिया में बच्चों ने मेले का लिया बड़े उत्साह से आनंद

**निपुण भारत अभियान के तहत लगाया गया मेला**

**शिक्षा नीति को धरातल पर उतारने का है प्रयास**



**नवभारत न्यूज, पलेरा। पलेरा विकासखण्ड के अन्तर्गत टौरिया के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय अतरार में निपुण भारत अभियान के तहत एफएलएन मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में कक्षा पहली और दूसरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया।**

यह मेला नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने का एक अनूठा प्रयास रहा। मेले के माध्यम से छात्र-छात्राओं की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के व्यावहारिक पहलुओं को विभिन्न स्टॉल्स के जरिए प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से देव सिंह लोधी और जनशिक्षक साकेत पाठक ने मेले का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सीखने के प्रति रुचि जागृत होती है। मेले में बच्चों के शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, गणितीय ज्ञान और बच्चों का कोना जैसे विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे। बड़ी संख्या में मौजूद अभिभावकों ने इन स्टॉल्स के माध्यम से अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को करीब से देखा। पालकों ने विद्यालय की पढ़ाई और अन्य रचनात्मक गतिविधियों पर गहरा संतोष व्यक्त किया।

इस सफल आयोजन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के समापन पर एफएलएन क्लास की शिक्षिका मालती अहिरवार ने मेले के सफल संचालन में सहयोग देने वाले अतिथियों, अभिभावकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। पलेरा विकासखण्ड के अन्तर्गत टौरिया के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय अतरार में आज, 28 मार्च को निपुण भारत अभियान के तहत एफएलएन मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में कक्षा पहली और दूसरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया।

**कार्यक्रम** | दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार

# कम लागत और कम समय में शुरू किया जा सकता व्यवसाय : सरोज




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद द्वारा राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण, भारत सरकार अंतर्गत जिले के 250 मधुमक्खी पालक कृषक, महिला कृषक, ग्रामीण युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन एवं शहद विषय पर 25-26 मार्च दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ माँ सरस्वती का पूजन एवं वंदन के पश्चात् प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरोज राजपूत, डॉ. डीएस तोमर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय विशिष्ट अतिथि रहे।**

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के मधुमक्खी पालक कृषक, महिला कृषक, ग्रामीण युवाओं के लिए को मधुमक्खी पालन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने और आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरोज राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि मधुमक्खी पालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम लागत और कम समय में शुरू किया जा सकता है। यह न केवल ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाता है, बल्कि पोषण सुरक्षा भी प्रदान करता है। उन्होंने किसानों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर इसे वैज्ञानिक पद्धति से अपनाने का आग्रह किया साथ ही बताया कि कृषक भाई शहद उत्पादन करके अच्छा मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवमोहन गिरी बताया कि सेमिनार का तात्पर्य जिले में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करना और किसानों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है जिससे जिले की कृषक महिलायें भी स्व-सहायता समूहों के माध्यम से शहद उत्पादन करके अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. डीएस तोमर ने मधुमक्खी पालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न केवल अतिरिक्त आय का स्रोत है, बल्कि फसलों में परागण बढ़ाकर उत्पादन और गुणवत्ता में भी वृद्धि करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को शहद उत्पादन, प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और विपणन की तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला छतरपुर से पधारे मास्टर ट्रेनर बाबूराम प्रजापति ने किसानों को मधुमक्खी पालन की पद्धतियां, बक्सों का चयन, प्रजातियां, कॉलोनी प्रबंधन, मौसमी देखभाल तथा रोग-कीट नियंत्रण की जानकारी दी।

### कार्यक्रम में 255 कृषक महिलाएं एवं छात्र रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक डॉ. यूएस धाकड़, प्रतिभा दुबे सहायक संचालक कृषि, डॉ. आईडी सिंह, हंसनाथ खान, जयपाल छिगारहा, सुदीप रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केपी अहिरवार, कृषि विकास अधिकारी एवं आभार वैज्ञानिक, डॉ. एसके जाटव द्वारा किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम लगभग 255 कृषक, महिला कृषक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंपों पर लग रही घंटों कतारें

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में पेट्रोल पंपो पर डीजल-पेट्रोल न मिलने के कारण इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता लंबी कतारों में घंटो खड़े होकर डीजल-पेट्रोल लेने के लिए मजबूर है। नगर के एक मात्र पेट्रोल पंप रिलायंस जियो पर पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल उपलब्ध है।**

पेट्रोल पंप पर सुबह से लेकर देर रात तक वाहनो की लंबी कतार पिछले दो दिनो से देखी जा रही है। वाहन चालक अपने वाहनों में पेट्रोल डीजल डलवाने के लिए घंटों लाईन में खड़े होने को मजबूर है। शहर में नजारा देखने को मिला जहा रिलायंस पेट्रोल पंप पर एक तरफ बड़े वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली तो दूसरी ओर दो पाहिया वाहन चालक अपने वाहनो में पेट्रोल डलवाने के लिए घंटों खड़े रहे।

## मार्च माह के अंतिम दिनों में बदल सकता मौसम



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मार्च के आखिरी दिनों में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। उत्तर भारत में सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ का असर अब जिले में भी दिखाई देने लगा है।**

मौसम विभाग के अनुसार महीने के अंतिम सप्ताह में आसमान में बादलों का डेरा रहेगा और जिले के कुछ हिस्सों में हल्की वारिश या गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। मार्च महीने में तेजी से बढ़ते तापमान पर बीते सप्ताह हुई बेमौसम बारिश, हल्की ओला वृष्टि ने कुछ हद तक ब्रेक लगाया था। ऐसे में अंतिम दिनों में बादल और बूंदाबांदी लोगों को गर्मी से राहत दे सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक एक के बाद एक सक्रिय ही रहे पश्चिमी विक्षोभ और हवाओं की दिशा में बदलाव के कारण वातावरण में नमी बढ़ रही है।

29 मार्च से एक नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। जिसका प्रभाव 30 और 31 मार्च तक बना रह सकता है। इस दौरान अरब सागर से आ रही नमी फिर से बदलेगा मौसम, पश्चिमी विक्षोभ से तपिश पर लगेगा ब्रेक के कारण बादलों की आवाजाही बढ़ेगी।